हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 4 जनवरी 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 शहर में हथियारों की आपूर्ति से पहले ही...



07 शिक्षा के क्षेत्र में सावित्रीबाई फुले के प्रयास महिलाओं...



### भागवत कथा में भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाया

# मित्रता दूध और पानी की तरह सच्ची होनी चाहिए दिखावे की नहीं : पंडित उपाध्याय







हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

28 दिसंबर से नगर के रायपुरिया रोड पर चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा का शनिवार को भंडारे के साथ समापन हुआ। कथा के आखरी दिन कथा सरस पं. सुनील उपाध्याय ने विभिन्न प्रसंगों पर का उल्लेख करते हुए सातवें दिन कृष्ण की अलग-अलग लीलाओं का वर्णन करते हुए भगवान के सोलह हजार एक सौ आठ विवाह का वर्णन किया। कथा व्यास ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता से समझ सकते हैं। किसी के रुपए पैसों को देखकर या दिखावे के लिए मित्रता नहीं होनी चाहिए, सच्ची मित्रता दूध और पानी की तरह होनी चाहिए जो एक दूसरे से मिल जाए तो उन्हें अलग करना भी संभव न हो। सच्ची मित्रता को देखकर लोग भी उन्हें अलग करने के कई प्रयत्न करते हैं जैसे दूध और पानी की जब मित्रता होती है तो लोग उन्हें अलग करने के लिए दूध को उबाला जाता है लेकिन पानी भी अपने मित्र से कहता है तू चिंता मत कर मैं इस अग्नि से निपट लूंगा और अपने मित्र को अग्नि की तपन से बचाने के लिए पानी अपना पूरा समर्पण कर खुद को खत्म कर लेता है। दोस्ती ऐसी निस्वार्थ होनी चाहिए जो मित्रता के लिए अपना भी समर्पण कर दे। ऐसी ही मित्रता भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की थी जिसका उदाहरण आज भी लोग देते हैं।

दोस्ती की मिसाल देते हुए व्यास उपाध्याय ने बताया कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने सखा सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। तन पर फटे वस्त्र धारण किए हैं अपना नाम सुदामा बता रहा है जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग भाव विभोर हो गए। कृष्ण सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया हुआ। उन्हें कुबेर का धन दिया। जब जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। भंवरलाल राठौर, संतोष राठौर और राठौर परिवार की तरफ से आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा का शुभ प्रसंगों के साथ शनिवार को समापन हुआ। कथा के आखरी दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। साथ ही कथा पुर्ण होने पर श्रीमद् भागवत महापुराण की भव्य आरती की गई। कथा में हजारों की संख्या में उपस्थित भक्तो ने श्री भागवत महापुराण की पूजन कर आयोजित भंडारे में भोजन प्रसादी ग्रहण की।

## प्रभु का स्मरण करने से दुखों का नाश होता है : पंडित चतुर्वेदी

**नलखेड़ा।** ईश्वर की भक्ति कभी निष्फल नहीं होती। ईश्वर की भक्ति करने से मनुष्य के पापों का नाश होता है। जो मनुष्य अपने जीवन में ईश्वर की भक्ति धारण कर लेता है वह भवसागर से पर हो जाता है। मनुष्य को दूसरों के साथ ऐसा व्यवहार नहीं करना चाहिए जो स्वयं को अच्छा नहीं लगता है। प्रभु का स्मरण करने से दुखों का नाश होता है। उक्त विचार नगर नलखेड़ा में नीमा ग्राउंड पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस पर पंडित चतुर्भुज चतुर्वेदी ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भागवत भगवान की कथा है भगवान ने गीता के माध्यम से संदेश दिया है कि दूसरों को दुख मत दो किसी का अपमान मत करो जो स्वयं को अच्छा नहीं लगता उसे दूसरों के साथ भी मत करो और हमेशा अच्छे कर्म करते रहो जैसा कि कहा गया है कि कर्म किए जा फल की इच्छा मत कर रहे हैं इंसान जैसे कर्म करेगा वैसा फल देगा भगवान यह है गीता का ज्ञान अतः अच्छे कर्म करते रहिए निश्चित रूप से आज नहीं तो कल भगवान आपको अच्छा ही फल देंगे। कथा के दौरान देवदानव युद्ध समुद्र मंथन देवताओं द्वारा अमृत का पान आदि अनेक विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा के प्रमुख जजमान सुरेश सोनी, अनिल शर्मा मंडी कमेटी एवं सोनू प्रेमचंद मित्तल थे।

**नीम ग्राउंड पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा**



### एमसीएक्स ने किया आयोजन

## सराफा एसोसिएशन का जागरुकता सेमिनार व मिलन समारोह आयोजित







हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मध्य प्रदेश सराफा एसोसिएशन तथा एमसीएक्स द्वारा जागरुकता सेमिनार तथा नववर्ष मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित सराफा व्यापारियों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां उपस्थित अतिथियों ने प्रदान की। शुक्रवार देर शाम मां बगलामुखी रिसोर्ट नलखेड़ा पर आयोजित उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार बोयट, एसडीओपी सुसनेर नलखेड़ा देवनारायण यादव उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रवण निर्गुंडे मुंबई (मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज आफ इंडिया) तथा विशेष अतिथि मध्य प्रदेश स्वर्णकार समाज अध्यक्ष राजमल सोनी, मध्य प्रदेश सराफा एसोसिएशन प्रदेश महासचिव देवीलाल सोनी, सराफा व्यापारी एसोसिएशन के संरक्षक हिम्मतमल फाफरिया उपस्थित थे। प्रारंभ में सभी अतिथियों ने मां बगलामुखी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बोयट व यादव द्वारा व्यापारियों को साइबर अपराध के साथ व्यापार के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां एवं सुरक्षा के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने व जीपीएफ व धारा 411 के बारे में जानकारी दी गई। एमसीएक्स की ओर से आए निर्गुंडे द्वारा वर्तमान समय में चांदी सोने के भाव में चल रही अप्रत्यक्षित तेजी मंदी के दौर में अनावश्यक नुकसान से बचाव के तरीकों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। मध्य प्रदेश सराफा एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव देवीलाल सोनी ने भी उपस्थित व्यापारियों को कई जानकारियां तथा तेजी के इस दौर में किस प्रकार व्यापार करना चाहिए इस बारे में जानकारी प्रदान की गई। सीए सिंघल ने व्यापारियों को जीएसटी तथा इनकम टैक्स के साथ ई- बिल आदि कानूनों में वर्तमान में हुए संशोधन के संदर्भ में आवश्यक जानकारियां प्रदान की गई। उक्त जागरूकता सेमिनार में नगर के सर्राफा व्यापारियों द्वारा बड़ी संख्या में भाग लेकर अपने-अपने प्रश्नों का समाधान भी उपस्थित अतिथियों से प्राप्त किया।

### प्रदेश सहित बाहरी राज्यों से खोजकर लाए नाबालिग

# साल भर में पुलिस ने 292 परिवारों को लौटाई खुशियां

**सीहोर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशों का पालन करते हुए जिले की पुलिस ने 292 परिवारों में खुशियां लौटाई है। पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के कुशल निर्देशन में चलाए गए 'मुस्कान अभियान' के तहत तत्परता दिखाते हुए कुल 292 गुमशुदा बालक-बालिकाओं को सुरक्षित खोजकर उनके परिजनों के सुपुर्द किया।



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2025 के आंकड़ों पर नजर डालें तो जिले में कुल 338 बच्चों की गुमशुदगी के मामले पुलिस के सामने थे, जिनमें से 270 मामले इसी वर्ष के थे और 68 मामले पिछले वर्षों के लंबित थे। पुलिस ने कड़ी मेहनत करते हुए इनमें से 292 बच्चों को बरामद करने में सफलता हासिल की। खोजे गए बच्चों में 37 बालक और 255 बालिकाएं शामिल हैं। सीहोर पुलिस की टीमें बच्चों की तलाश में केवल जिले तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि उन्होंने प्रदेश और देश की सीमाओं से बाहर जाकर भी अभियान चलाया।

पुलिस ने मध्यप्रदेश के बाहर अन्य राज्यों जैसे गुजरात से 10, राजस्थान से 5, महाराष्ट्र से 4, उत्तर प्रदेश से 3 और पंजाब से 1 बच्चे को सुरक्षित खोजा। इसी तरह प्रदेश के अन्य जिलों जैसे इंदौर, भोपाल, उज्जैन, देवास, सागर और नर्मदापुरम सहित कई अन्य शहरों से भी 44 बच्चों को बरामद किया गया. जिले के भीतर से भी 225 बच्चों को खोजकर उनके घर पहुंचाया गया।

इस अभियान की सबसे बड़ी कामयाबी उन पुराने मामलों को सुलझाना रही जो बरसों से लंबित थे। पुलिस ने साल 2019 से लेकर 2024 तक के 34 लंबित मामलों में बच्चों को खोजा है। एसपी दीपक कुमार शुक्ला के अनुसार यह सफलता शीघ्र एफआईआर दर्ज करने, तकनीकी संसाधनों का बेहतर उपयोग करने और दूसरे राज्यों की पुलिस से बेहतर तालमेल बिठाने के कारण मिली है। जिला पुलिस हर बच्चा सुरक्षित, हर परिवार आश्वस्त के संकल्प के साथ आगे भी इसी संवेदनशीलता से कार्य करती रहेगी।

# सेवानिवृत होकर आए सैनिक का किया स्वागत





**कानड़।** देश की सरहद पर तैनात भारतीय सेना के वीर जवान अपनी जान दाव पर लगा कर देश की रक्षा करते हैं। इन वीर सैनिकों को देश का हर व्यक्ति सलाम करता है वहीं देश वासी भी इनके सम्मान में कोई कसर नहीं छोड़ते। ऐसे ही जज्बे का उदाहरण शनिवार को नगर में देखने को मिला जहां 17 साल देश को अपनी सेवा देकर लौटे नगर के प्रकाश माली रिटायर होकर घर आगमन पर नगर के लोगों ने उसके स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ी। सेवानिवृत होकर नगर लौटे सैनिक का नगर वासियों ने उत्साह एवं गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। शनिवार को सारंगपुर रोड स्थित सोनी मैरिज गार्डन से सुबह 10:30 बजे वीर सैनिक के सम्मान में एक चल समारोह निकाला गया जो कि आगर रोड पुराना बस स्टैंड दयानंद मार्ग, माताजी चौराहा, गौदी चौहारा, खरंजा चौक, पीपल चौक होते हुए बजरंग मोहल्ला गृह निवास पहुंचा। चल समारोह के दौरान आगर सारंगपुर रोड के दोनों और व्यापारियों एवं नागरिकों द्वारा स्वागत मंच बनाए गए थे जहां से सैनिक का पुष्पमाला एवं शाल श्रीफल के साथ नगर में जगह-जगह नागरिकों एवं जनप्रतिनिधि व मुस्लिम समाज द्वारा सम्मान किया गया।



### देश की सेवा का प्रतिफल दादी को किया समर्पित

देश की सेवा में 17 वर्ष देकर गांव लौटे फौजी के गृह निवास पर मां ने तिलक लगाकर स्वागत किया, वहीं सैनीक ने अपनी बुजुर्ग दादी मां को सैलूट करते हुए अपनी सेवा का प्रतिफल अपनी दादी को समर्पित करते हुए उनके सिर पर अपनी टोपी पहनाई और पैर छूकर आशीर्वाद लिया।



## संत संजय मुनि ने किए माता रानी के दर्शन

**नलखेड़ा।** शुक्रवार रात्रि को क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत आचार्य डॉ संजय मुनि मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने माता रानी के दर्शन कर माता रानी से देश में सुख शांति व खुशहाली की कामना की। दर्शन उपरांत संत सिद्धपीठ के समीप स्थित सांदीपेंद्र आश्रम पहुंचे जहाँ उन्होंने महामंडलेश्वर स्वामी सांदीपेंद्र गिरि महाराज से भेंट की। सिद्धपीठ पर पहुंचे क्रांतिकारी संत के कई भक्तों द्वारा दर्शन कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया।


### नागेश्वर पार्श्वनाथ तारक तीर्थ धाम पर हुआ आयोजन

# मंत्रोच्चार के साथ मंदिर शिखर पर चढ़ाई धर्म ध्वजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मंत्रोच्चार के साथ परमात्मा के मंदिर शिखर पर लाभार्थी परिवार द्वारा ध्वजा चढ़ाई गई। नलखेड़ा आमला मार्ग पर स्थित श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ तारक तीर्थ धाम पर मंदिरजी की 14 वीं वार्षिक ध्वजा कार्यक्रम शनिवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।







ग्राम लालूखेड़ी में प्राकृतिक की सुंदर व सौम्य वादियों में श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ तारक तीर्थधाम स्थित है। यहां पर एक भव्य मंदिर में परमात्मा पार्श्वनाथ की नयनाभिराम दिव्य अलौकिक प्रतिमा के साथ अनंत लब्धि निधान गुरु गौतम स्वामी जी, तपागच्छ के अधिष्ठायक देव मणिभद्रवीरजी के साथ अन्य गुरु भगवन्तों की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम वीररत्न विजयजी म .सा. आदि गुरुभगवंतों के सानिध्य में संपन्न हुआ था। ऐसे तीर्थ स्थल पर 3 जनवरी को मंदिरजी की वर्षगांठ के अवसर पर विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। ध्वजारोहण के इस कार्यक्रम में मंदिर जी में प्रातः 9:30 बजे परमात्मा की सत्तरभेदी पूजन रखी गई। पूजन हेम प्रभा महिला मंडल द्वारा पढ़ाई गई। मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण विजय मुहूर्त 12:39 से लाभार्थी परिवार इंद्रमल चौथमल फाफरिया परिवार द्वारा मंदिर शिखर पर धर्म ध्वजा विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ चढ़ाई गई। इसके पूर्व ध्वजा को सिर पर धारण कर मंदिर परिसर में परिक्रमा की गई तथा लाभार्थी परिवारजनों ने ध्वजा की वासक्षेप से पूजा तथा आरती की गई। इस अवसर पर परमात्मा का दरबार जयकारो से गुंज उठा तथा खुशी से झूमते नाचते फाफरिया परिवार जनों के साथ समाजजनों ने शिखर पर अक्षत वर्षा की गई। तत्पश्चात लाभार्थी फाफरिया परिवार की ओर से स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम भी रखा गया है। इस अवसर पर ट्रस्ट मंडल द्वारा लाभार्थी परिवार का बहूमान किया गया।



**न्यायालय नायब तहसीलदार उपतहसील बडागाँव जिला आगर मालवा (म.प्र.)**

प्र.क/री-1/2025/जा.क्र. 490
बडागाँव दिनांक.02/01/2026
प्र.क.0003/अ-20(S)/2025-26

// विज्ञप्ति //

सर्व साधारण जनता ग्राम बडागाँव को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक संस्था नगर परिषद् बडागाँव तहसील नलखेडा जिला आगर मालवा द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत ग्राम बडागाँव तहसील नलखेडा जिला आगर मालवा की स्थित सर्वे नम्बर 535/2 रकबा 1.682 मेसे रकबा 1.08 पर गीता भवन का निर्माण के तहत उनके पक्ष में भूमि आवंटित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त ग्राम बडागाँव की स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 535/2 रकबा 1.682 हे. मेसे रकबा 1.08 हे. पर गीता भवन का निर्माण के तहत उनके पक्ष में भूमि आवंटीत किये जाने में हित रखने वाले व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस में अंदर मेरे समक्ष स्वयं उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है, म्याद पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा । आज दिनांक 02/01/ 26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलय मुद्र से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**उप तहसील बडागाँव तहसील नलखेडा**

## खबर संक्षेप

### आदतन अपराधियों के विरुद्ध हुई रासुका की कार्रवाई

**देवास।** एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा जिले में आदतन अपराधियों की सतत निगरानी रखते हुए उनके द्वारा अपराध घटित करने पर तत्काल गिरफ्तारी कर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में थाना सिविल लाईन क्षेत्रान्तर्गत लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने वाले आदतन बदमाश गोरीशंकर पिता कपील पाटीदार उम्र 22 वर्ष निवासी गोपाल नगर ईटावा देवास एवं गोलू उर्फ मनोज उर्फ पार्षद पिता राजेन्द्र शर्मा उम्र 25 वर्ष निवासी गोपाल नगर ईटावा देवास के विरुद्ध लगातार चाकूबाजी एवं गंभीर अपराध घटित किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई । आरोपियों द्वारा क्षेत्र में आमजन में भय का वातावरण निर्मित किया जा रहा था,जिस पर से आरोपियो के विरूद्ध थाना सिविल लाईन पर अपराध क्रमांक 02/2026 धारा 296, 119(1),115(2),351(3),3(5) BNS एवं अपराध क्रमांक 05/2026 धारा 109, 296, 115(2), 119(1), 351(3),3(5) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया। एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में सीएसपी सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी सिविल लाईन निरीक्षक हितेश पाटिल के नेतृत्व में विवेचना के दौरान आरोपियों की आपराधिक प्रवृत्ति, लगातार अपराधों में संलिप्तता एवं सार्वजनिक शांति के लिए गंभीर खतरा पाए जाने पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही प्रस्तावित की गई । सक्षम स्तर से अनुमोदन उपरांत दोनों आरोपियों को रासुका के तहत विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजा। उक्त कार्य में थाना प्रभारी सिविल लाईन निरीक्षक हितेश पाटिल,उनि पर्वत सिंह परिहार,सउनि राकेश तिवारी आदि की सराहनीय भूमिका रही ।

### अवैध हथियारों का जखीरा बरामद, थाना कोतवाली पुलिस की प्रभावी कार्रवाई

# शहर में हथियारों की आपूर्ति से पहले ही पुलिस ने दबोचे लिए दो आदतन आरोपी

06 देशी पिस्टल,01 रिवॉल्वर,01 देशी कट्टा जप्त पकड़े गए दोनों युवक आदतन अपराधी है जिन पर पूर्व में कई प्रकरण दर्ज है

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले आरोपियो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में 02 जनवरी को थाना कोतवाली पर विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मोती बंगला रेलवे पटरी के पास एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में सीएसपी सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्यामचन्द्र शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। पुलिस को देखकर संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रोहित उर्फ बच्चा पिता संतोष शर्मा उम्र 26 वर्ष निवासी बद्रीधाम एक्सटेंशन जवाहर नगर देवास बताया । तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल जप्त की गई, पुलिस पुछताछ में आरोपी के बताये अनुसार उज्जैन रोड ब्रिज की सीढ़ियों के नीचे छुपाकर रखे गए दो देशी पिस्टल,एक रिवॉल्वर एवं दो जिंदा कारतूस बरामद किए।

साथ ही आरोपी ने अपने साथी विनित बाथम को हथियार देना बताया । जिस पर से पुलिस टीम द्वारा क्रिश्चियन कब्रिस्तान के पास से विनित पिता पवन बाथम उम्र 20 वर्ष निवासी ज्ञान सागर स्कूल के पास मुखर्जी नगर देवास को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी पिस्टल एवं एक जिंदा कारतूस जप्त किया । अग्रिम पुछताछ में आरोपी विनित के बताए अनुसार विजयनगर स्थित पोस्टल कॉलोनी के पुराने खंडहर से दो देशी पिस्टल एवं एक देशी कट्टा जप्त किया गया, जिसके संबंध में वैध लाइसेंस नहीं पाए जाने पर आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली पर अपराध क्रमांक 05/2026 धारा 25,27 Arms Act का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।पुलिस ने आरोपियों के पास से 06 देशी





पिस्टल,01 रिवॉल्वर,01 देसी कट्टा,03 जिंदा कारतूस जब्त किया है। पुलिस ने रोहित उर्फ बच्चा पिता संतोष शर्मा उम्र 26 वर्ष निवासी बद्रीधाम एक्सटेंशन जवाहर नगर देवास और विनित पिता पवन बाथम उम्र 20 वर्ष निवासी ज्ञान सागर स्कूल के पास मुखर्जी नगर देवास को गिरफ्तार किया है। विनीत बाथम पर थाना सिविल लाइन में विभिन्न धाराओं में 4 प्रकरण दर्ज हैवहीं रोहित शर्मा उर्फ बच्चा पर शहर के सिविल लाइन,कोतवाली और औद्योगिक थानों में विभिन्न धाराओं में कुल 12 प्रकरण दर्ज है। रोहित हाई कोर्ट से हत्या के मामले में जमानत पर रिहा है। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्यामचंद शर्मा,उनि जीवन भिडोरे,सउनि मनोज पटेल,राजेश भारद्वाज,प्रआर सुनील देथलिया,जितेन्द्र पटेल,रवि ग़रोड़ा, राकेश वर्मा,आर नवीन देथलिया,सुजीत चौधरी,वैभव मंडलोई की सराहनीय भूमिका रही ।

# इंदौर में दूषित पानी से हुई मौत के बाद देवास में जिला प्रशासन सतर्क

### वार्ड 44 और 45 में किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों की घटना के बाद देवास जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। शनिवार को कलेक्टर ऋतुराज सिंह, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार और नगर निगम सभापति रवि जैन ने देवास शहर के वार्ड क्रमांक 44 और 45 में पानी की टंकियों और सप्लाई लाइनों का निरीक्षण किया।


इस दौरान पानी की हार्डनेस भी जांची गई।निरीक्षण के दौरान दोनों वार्डों के पार्षद भी उपस्थित थे। कलेक्टर और निगम आयुक्त ने भगवान गणेश के मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर यह भ्रमण किया गया है और नगर निगम की टीम को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने नागदा क्षेत्र में एक खुली टोटी पाई, जिससे पानी में गंदगी मिल रही थी। उन्होंने नगर निगम की टीम को तत्काल टोटी लगाने के निर्देश दिए ताकि दूषित पानी की समस्या पर रोक लगाई जा सके।सिंह ने बताया कि सभी टंकियों की साफ-सफाई कल से ही शुरू कर दी गई है। उन्होंने सात दिनों में पानी की टेस्टिंग करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनता को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को सभी वार्डों की पानी की टंकियों की गहन सफाई, क्लोरीनेशन और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### एमपी यूथ गेम्स–2026 का आयोजन 11 से 31 जनवरी तक

**देवास।** खेलो को बढ़ावा देने के उदेश्य से मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 11 जनवरी 2026 से चार चरणो में खेलो एम.पी. यूथ गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन खेल और युवा कल्याण विभाग और संबंधित खेल संघो के समन्वय से होगा, जिसमें एथलेटिक्स, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, खो-खो, योगासन, कुश्ती, मलखंभ, हॉकी, जूडो,बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिन्टन, वेटलिफ्टिंग, टेनिस, शतरंज, ताईक्वांडो, शूटिंग, क्याकिंग-कैनोइंग,रस्साकसी, पिट्टू, क्रिकेट, बाक्सिंग, तैराकी, फेंसिंग, राईंग, आर्चरी खेलो को शामिल किया गया है। ताईक्वांडो, फैंसिंग, रौईंग, क्याकिंग-कैनोईंग, शूटिंग एवं आर्चरी की प्रतियोगिता सीधे राज्य स्तर पर आयोजित होंगे। इनका आयोजन ब्लॉक, जिला अथवा संभाग स्तर नही होगा। आयोजन ब्लॉक स्तरीय, जिला स्तरीय, संभाग स्तरीय एवं राज्य स्तर पर 11 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक प्रस्तावित है। आयु सीमा संबंधित राष्ट्रीय फेंडरेशन द्वारा जूनियर वर्ग के लिए निर्धारित उच्चतम आयु वर्ग अनुसार होंगे।

# जिला अस्पताल पर हुई 1 लाख की चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



महात्मा गांधी चिकित्सालय द्वारा निगम के कचरा संग्रहण वाहन मे कचरे के साथ मेडिकल वेस्ट आने पर नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर निगम द्वारा सूचना पत्र 29 दिसम्बर को सिविल सर्जन के नाम से जारी किया गया था। उसके बाद 02 जनवरी को ट्रेंचिंग ग्राउंड पर एमजी हास्पिटल से आया हुआ कचरा चेक किया गया। उसमें बहुतायत मात्रा मे मेडिकल वेस्ट आने के कारण निगम उपायुक्त आरती खेडेकर द्वारा निगम मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रविकृष्ण गोयनार के साथ महात्मा गांधी चिकित्सालय पहुंचकर डीएचओ डॉ. मनीषा मिश्रा से मिलकर मेडिकल वेस्ट मिक्स आने की जानकारी दी गई। उसके बाद 03 जनवरी को प्रातः 8.30 बजे एमजी हॉस्पिटल पहुंकर निगम कचरा संग्रहण वाहन मे कचरा डालते समय कचरा चेक किया गया। उक्त कचरे मे बहुतायत मात्रा मात्रा मे मडिकल वेस्ट होने पर कचरा नही लिया गया एवं घटना की तत्काल जानकारी नगर निगम ने सीएमएचओ को मैसेज के माध्यम से, डॉ. मनीषा मिश्रा एवं डॉ. अजय पटेल को दूरभाष के माध्यम से महात्मा गांधी चिकित्सालय मे कचरा संग्रहण कार्य मे कार्यरत ठेकेदार पर निगम द्वारा 1 लाख रूपये की चालानी कार्यवाही करने हेतु कहा गया। राशि जमा होने के उपरांत ही महात्मा गांधी चिकित्सालय से गीला एवं सुखा कचरा प्रथक प्रथक लिया जाएगा।

### शिक्षा समिति की कार्यकारिणी गठित

**देवास।** देवास जिला जाट समाज द्वारा संचालित वीर तेजाजी स्कूल शिक्षा समिति के अध्यक्ष शांतिलाल जाणी ने अपनी कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें उपाध्यक्ष हेमराज जाट पूर्व टीआई, सचिव सत्यनारायण वर्मा, सहसचिव लक्ष्मण जाणी तथा कोषाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी यशवंत डागोरा को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्य जयनारायण जाखड़ तिल्लोरखुर्द, हरिशंकर सारण अतरसमा, शंकरभाई घुड़यिा, डॉ. सुरेश ठाकुर देवास, हरिसिंह बाजडोलियाखेड़ा, घनश्याम भंडारी मानपुर बनाए गए है।

# ऑपरेशन हवालात के तहत पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली




पुलिस थाना बागली पर दर्ज अपराध का आरोपी रिजवान हुसैन ईरानी पिता आशिक हुसैन उम्र 38 साल निवासी मुरलीनगर करोंद भोपाल हाल मुकाम अमन कालोनी भोपाल लंबे समय से पुलिस कि गिरफ्त से दूर चल रहा था, जिसे पुलिस ने अब गिरफ्तार कर सलाखों के पिछे भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन में चलाए जा रहे आपरेशन हवालात के अंतर्गत पुलिस थाना बागली प्रभारी व्दारा अपनी टीम के सहयोग से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पिछे भेज दिया गया है।

जानकारी अनुसार फरार आरोपी रिजवान हुसैन ईरानी पिता आशिक हुसैन उम्र 38 साल निवासी मुरलीनगर करोद भोपाल हाल मुकाम अमन कालोनी भोपाल जो लगातार पुलिस कि गिरफ्त से दूर चल रहा था जिसे पकड़ने के लिए थाना प्रभारी बागली निरीक्षक अभिनव शुक्ला के नेतृत्व में ऑपरेशन हवालात के तहत विशेष टीम गठित की गई और मुखबिर की सुचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी व्दारा बागली नगर में 9 दिसंबर को श्रीजी ज्वेलर्स दुकान पर दिनदहाड़े चोरी कि घटना को अंजाम देकर फरार हो गया था। फरियादी राजेश सोनी ने एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी के पास से 2 लाख, 04 सोने के पैन्डल व 28 नाक में पहनने के सोने के काटे किमत-1 लाख 10 हजार जप्त किए हैं। आरोपी के खिलाफ अलग-अलग जिलों में लगभग 6 अपराध दर्ज है। अन्य क्षेत्रों में भी इस प्रकार कि घटनाओं को अंजाम दे चुका है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी अभिनव शुक्ला, पार्वती डावर, मनोज शर्मा, रामप्रतापसिंह चौहान, यशवंतसिंह तोमर, महेश सिसोदिया, अनिल डामोर, अरुण चौहान का सराहनीय योगदान रहा।

# बदला मौसम का मिजाजः उत्तर भारत की सर्द हवा से मौसम में घुली ठंडक, घना कोहरा भी छाया





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/भौरासा

शहर सहित जिले भर में शनिवार को सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा। इसके चलते विजिबिलिटी काफी कम हो गई, जिससे वाहन चालकों को दिन में भी अपनी गाड़ियों की हेडलाइट जलानी पड़ी।कोहरे का असर इतना अधिक था कि दोपहर 2 बजे तक धूप नहीं निकली। पिछले दो दिनों से शहर में कोहरे का प्रभाव देखा जा रहा है, हालांकि शुक्रवार को यह सुबह 10 बजे तक ही था।कोहरे के साथ-साथ ठंड का असर भी बढ़ गया है। शुक्रवार की तुलना में शनिवार को अधिकतम तापमान में 1 डिग्री और न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। शनिवार को शहर का अधिकतम तापमान 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रहा।ठंडी हवाओं का दौर भी जारी है, जिससे ठंडक और बढ़ गई है। हालांकि, फसलों के लिए यह मौसम फिलहाल सामान्य बताया जा रहा है।

### शीतलहर ने बढ़ाई कपकपी

भौरासा। नए साल की शुरुआत के साथ ही कुदरत के तेवर बेहद सख्त हो गए हैं उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं ने जहा भौरासा नगर सहित आसपास के क्षेत्र को मानो अपनी आगोश में ले लिया हो जिससे पूरे अंचल में शीतलहर जारी है। बीते गुरुवार व शुक्रवार रात्रि को 15 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत रफ्तार से चली। उत्तरी हवाओं के कारण अत्यधिक ठंड पड़ रही है। सर्द हवाओं के प्रभाव के आगे धूप पूरी तरह बेअसर साबित हो रही है। शाम को अलाव ही सहारा बना हुआ है। पारे में आई अचानक से गिरावट का असर अब जनजीवन पर साफ दिखने लगा है। बढती ठिठुरन के कारण बाजारों में शाम ढलते ही सन्नाटा पसल रहा है लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। ऐसे में नगर के प्रमुख चौराहे और बस स्टैंड पर लोग अलाव ताप कर ठंड से बचने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। सुबह से ही क्षेत्र में कोहरा छाया हुआ है।

### 22 वर्षों से मकर संक्रांति पर्व पर आयोजित हो रहा भव्य पतंग महोत्सव

# हिंद रक्षक संगठन द्वारा 7000 पतंगों का होगा वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भारतीय संस्कृति एवं परम्परा को निर्वहन करते हुए पिछले 22 वर्षों से मकर संक्रांति के पावन पर्व पर भव्य पतंग महोत्सव एवं अनेक धार्मिक गतिविधियां हिन्द रक्षक संगठन देवास आयोजित करता आ रहा है। इस कड़ी मे इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर्व उत्साह व उमंग के साथ मनाया जाएगा। पतंगोत्सव को लेकर शनिवार को प्रेसवार्ता आयोजक मनीष सेन (नेता पार्षद दल) नगर निगम, देवास द्वारा भोपाल रोड स्थित होटल सृष्टि क्लब में रखी गई। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से विधायक गायत्री राजे पावर एवं सभापति रवि जैन शामिल हुए। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सेन ने बताया कि इस 23 वर्ष पूर्व संस्था संस्थापक स्व. लक्ष्मणसिंह गौड के मार्गदर्शन में शुरू किया गया था जिसकी परम्परा को निरंतर निभाते हुए इस वर्ष भी विधायक गायत्रीराजे पवार व भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव के नेतृत्व में 14 जनवरी, बुधवार को नावेल्टी चौराहा पर मकर सक्रांति महापर्व अंतर्गत प्रातः 11 बजे पतंग महोत्सव पम्परा के अनुरूप मनाया जाएगा। जिसमे हर वर्ष की तरह बच्चों को करीबन 7000 पतंग, चायना डोर मुक्त धागन चकरी, गुड़-तिल वितरित की जाएगी। पतंग में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संदेश दर्शाया जाएगा, जिसमें इस वर्ष वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के पावन उपलक्ष्य में पतंग में लिखाया गया है कि भारत का बच्चा-बच्चा वंदे मातरम गाएगा। पतंग उत्सव का शुभारंभ सामुहिक वंदे मातरम गायन से प्रारंभ होगा। सेन ने बताया कि एमजी रोड पर हुए अधिग्रहण से फैली अस्तव्यस्तता के कारण व्यापारियों को परेशानी न हो, जिसे दृष्टिगत रखते हुए मकर सक्रांति की शाम को होने वाला भव्य आयोजन इस वर्ष स्थगित कर दिया गया है। मार्ग सुचारू होने के बाद अग्रिम वर्ष में फिर से भव्य रूप में शाम का आयोजन होगा। संगठन के अजय अग्रवाल, गौतम सिंह राजपूत, मनीष जैन, नवीन विजयवर्गीय, राजेश यादव पह., विनय सांगते, प्रभात कल्याणे, नीलेश जैन, नीतेश सेन, आशीष विजयवर्गीय, अभिमन्यु पुजारी, कृष्णपाल सिंह, सजंय तलरेजा, आशुतोष मेहता, विनय चावडा, राजेन्द्र चावडा, संजय चावडा, प्रवीण भावसार, निखिल नरवरिया, महेश बोडाने, जीतू चौहान, राहुल राठौड, अनिल वर्मा, अजय परमार, कमलेश श्रीवास, हरीश श्रीवास, धीरज सेन, शशांक शर्मा, आशीष शर्मा, विजय जलोदिया आदि ने समस्त सनातनी प्रेमियों से अपील की है कि पतंग महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए।

# शंकरगढ़ पहाड़ी में तेंदुए के शावक की मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के दूरस्थ स्थित शंकरगढ़ पहाड़ी क्षेत्र में स्थानीय किसानों ने शनिवार को एक तेंदुए के शावक का शव पाया। शुरुआती अनुमान है कि शावक खेत में लगी जाली में फंसने से मारा गया, लेकिन मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। जानकारी अनुसार, शावक के पिछले पैर में खून के निशान दिखाई दिए। शिकार से बचाव के लिए खेत में लगी जाली में फंसने की आशंका जताई जा रही है। शनिवार सुबह खेत पर पहुंचे किसानों ने शावक को मृत पाया और स्थानीय को सूचना दी जिसके बाद वन विभाग को जानकारी दी गई। वन विभाग के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे और शव कब्जे में लेकर जांच शुरू की। अधिकारियों ने बताया कि तेंदुए के शावक का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा, जिसके बाद मौत का सही कारण पता चलेगा।

## खबर संक्षेप



### मुफ्त कोचिंग देने आगे आईं कृतिका

**ललितपुर**। कहते हैं कि ज्ञान बांटने से बढ़ता है और ज्ञान की कुंजी शिक्षा के जरिए ही प्राप्त की जा सकती है। इसके कई जीवन्त उदाहरण देख जा सकते हैं। ऐसा ही एक उदाहरण पेश करने के लिए आगे आयीं हैं कृतिका नामदेव। मनोज कुमार नामदेव व अंजना नामदेव की सुपुत्री कृतिका नामदेव ने भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयन्ती पर कक्षा 1 से 12 तक के बच्चों को निशुल्क शिक्षा मुहैया कराने का निर्णय लिया है। कृतिका नामदेव ने कहा कि तीन जनवरी को 1831 में महाराष्ट्र सतारा के ग्राम नयागांव में हुआ था। सावित्रीबाई फुले ने लड़कियों को शिक्षित करने के लिए पुणे में 1848 में विद्यालय खोला था और लड़कियों को भी लड़कों के सापेक्ष शिक्षा का समान अधिकार दिलाया था। उन्हीं के पदचिह्नों पर चलकर वह जरूरतमंद बच्चों को फ्री में शिक्षा देकर उनके सपनों को पूरा करने में मदद करेंगे। उन्होने कहा कि शिक्षा ही सबसे बड़ा दान है। कृतिका नामदेव ने बताया कि कोचिंग के लिए 5 से 22 जनवरी तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। और रजिस्ट्रेशन फीस केवल 100 रुपये है। इस कोचिंग का संचालन तालाबपुरा नामदेव समाज के मंदिर के अंदर किया जाएगा।

### मकान के बाहर खड़ी कार हुई चोरी

**ललितपुर**। मकान के सामने खड़ी बुलैरो कार को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। हाई-वे स्थित पटेल नगर निवासी वीर सिंह निरंजन पुत्र तिजूलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी जय अम्बे कृषि यंत्र के नाम से दुकान पटेलनगर में है। 31 दिसम्बर को रात करीब 8 बजे वह अपने मकान पर आया और उसकी चार पहिया कार बुलैरो नं. यू.पी. 94 एच 9528 को खडा कर दिया, जिसकी सीसीटीवी रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। बताया कि 1 जनवरी 2026 की सुबह 6 बजे जब उसने मकान के बाहर आकर देखा तो उसकी बुलेरो कार गायब थी। उसने कार की काफी तलाश की, वह नहीं मिली।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**ललितपुर**। थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम गैदोरा निवासी साकूलाल पुत्र दिल्ले कुशवाहा ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका 25 वर्षीय पुत्र अमर सिंह साकूलाल बोरिंग मशीन पर काम करता था। 7 दिसम्बर को रात करीब 7.45 बजे ललितपुर-झांसी हाईवे स्थित ग्राम महर्रा के पास सड़क पर बने पेट्रोल पम्प के सामने सड़क किनारे-किनारे पैदल टोल बैरियर की ओर जा रहा था। तभी ललितपुर की ओर से आ रही मोटर साइकिल अपाचे नं. यू.पी.94 ए.के. 9447 के चालक ने नशे की हालत में उसके पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पुत्र बाइक के साथ काफी दूर तक घिसटता गया और घायल हो गया। भीड़ एकत्र होने पर बाइक चालक मौके से मोटर साइकिल लेकर भाग निकला। मौजूद लोगों ने एम्ब्युलेंस के जरिए घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसके पुत्र की हालत नाजुक देखते हुये उसे झांसी रेफर कर दिया गया, जहां उसका उपचार किया गया। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### मारपीट के मामले में एफआईआर दर्ज

**ललितपुर**। शहर क्षेत्र के मोहल्ला पिसनारी निवासी वीरू पुत्र जगन ने पुलिस को अवगत कराया कि 31 दिसम्बर को मोहल्ला घुसयाना निवासी ब्रजेन्द्र पुत्र भागीरथ, कल्लू पुत्र खेमचंद्र से किसी बात को लेकर मारपीट हुयी थी। जिसमें उसके द्वारा उक्त लोगों के खिलाफ चौकी में प्रार्थना पत्र दिया था और 1 जनवरी 2026 की रात करीब 10 बजे वह अपने घर में सो रहा था कि तभी कल्लू दो अज्ञात लोगों के साथ उसके घर आये और उसे बुलाकर फिर से बिना कारण लोहे की रॉड से मारपीट करने लगे, जिससे उसके सिर में चोटें आयीं। विरोध करने पर उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

---

**ठंड से बचाने के लिए शासन ने कसी कमर, टीम ने अभियान चलाकर कई निराश्रित को रेन बसेरा में पहुंचा**

# नगर पालिका सीमा में खुले में सोने वालों के लिए रेन बसेरा में की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शीतऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी सत्यप्रकाश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान के तहत पालिका टीम द्वारा रात्रि में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, प्रमुख चैराहों, हॉस्पिटल, मंदिरों आदि के आसपास खुले में सो रहे गरीब, असहाय निराश्रित व्यक्तियों को पालिका द्वारा संचालित किये जा रहे रेन बसेरों में पहुंचाये जाने हेतु अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम द्वारा कई निराश्रित व्यक्तियों को रेन बसेरा में पहुंचा गया। अभियान के दौरान उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार द्वारा रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैण्ड, मंदिर, जिला अस्पताल सहित विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाते हुए निराश्रित व्यक्तियों के लिए जागरूक किया गया। उप जिलाधिकारी ने निराश्रित व्यक्तियों से अपील की । कि जिला प्रशासन व नगर पालिका द्वारा शीत लहर के बचाव हेतु कोतवाली सदर के सामने व डाईट के सामने स्थित रेन बसेरा का संचालन किया जा रहा है, जो भी व्यक्ति रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, मंदिर, जिला अस्पताल आदि स्थलों पर रात्रि में खुले में सो रहे है वह उक्त स्थलों पर पहुंचकर विश्राम कर सकते है। इसके अलावा रेन बसेरा, सेल्टर होम एवं पालिका द्वारा जलाये जा रहे अलावा आदि का निरीक्षण किया गया, जहां पर सस्मस्त व्यवस्थाएं दुरूस्त पाई गई। रेन बसेरा में तैनात कर्मचारियों को निर्देशित किया गया किया कोई भी खुले में न सोये, जो भी व्यक्ति रेन बसेरा में आश्रय लेने आता है, उसकी जानकारी लेकर तथा आधार कार्ड लेकर उन्हें आश्रय दिलाये जाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा अधिशासी अधिकारी ने कहा गया कि शीतकालीन ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका द्वारा 02 टीमों का गठन किया गया है, जिसमें टीम 01 में 13 कर्मचारी एवं टीम 02 में 14 कर्मचारी तैनात किये गये है, जो रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, मंदिर, जिला अस्पताल, प्रमुख चैराहों, हॉस्पिटल, आस पास खुले में सो रहे व्यक्तियों से संपर्क कर उन्हें रेन बसेरा में आश्रित होने हेतु जागरूक करेगें। कि टीम में लगाये गये जो भी कर्मचारी या अधिकारी यदि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही करते है या उपस्थित नहीं होते है तो उन सभी के विरूद्ध स्पष्टीकरण तलब करते हुए कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका परिषद एवं जिला प्रशासन के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



---

**भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती धूमधाम से मनाई**

# शिक्षा के क्षेत्र में सावित्रीबाई फुले के प्रयास महिलाओं के लिए प्रेरणादायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बुंदेलखंड महिला विकास सेवा समिति के तत्वावधान में होटल में भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अलका सिंह मौजूद रहीं। जबकि अध्यक्षता समिति अध्यक्ष गुलाबबाई सेन ने की। कार्यक्रम की शुभारंभ में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों द्वारा भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलन किया गया तत्पश्चात समिति पदाधिकारी द्वारा अतिथियों एवं का स्वागत किया गया। अतिथियों ने कहा कि सावित्रीबाई फुले को देश की पहली महिला शिक्षिका के रूप में जाना जाता है सावित्रीबाई फुले एक एक समाज सुधारक, अध्यापिका, सेविका और कवियत्री थीं। उन्हें आधी आबादी के हक सम्मान की लड़ाई जीवन पर्यंत लडऩे वाली महिला शिक्षिका के रूप में जाना जाता है। क्या आप जानते है कि उन्होंने अपने जीवन के आखिरी समय में भी मानव जाति की सेवा के लिए लगा दिया। उनके प्रयासों की वजह से संभव हो पाया स्त्रियों को शिक्षा का सामान अधिकार प्राप्त है।

**पहला स्कूल लड़कियों के लिए 1848 में पुणे में खोला था**

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सुनन्दा वर्मा ने कहा कि महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के नयागांव में हुआ था। इनके पिता का नाम बंदोंजी नैवसे था जो कि किसान परिवार से थे। इनकी माता का नाम लक्ष्मीबाई था। उन्होंने अपना पहला स्कूल लड़कियों के लिए 1848 में पुणे में खोला था। श्रद्धा वर्मा ने कहा कि सामाजिक एकता, शिक्षा और महिला सशक्तीकरण के लिए अपना जीवन समर्पित कर देने वाली महान विभूति सावित्रीबाई फुले ने भारत में स्त्री शिक्षा का सूत्रपात कर मिशाल कायम की। मालती पाल ने कहा कि नारी का वर्तमान जीवन शिक्षित, सभ्य और पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चलने का स्वरूप सावित्रीबाई फुले के अनवरत प्रयासों व संघर्षों का परिणाम है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक चेतना के संघर्षों को समर्पित कर दिया। भारत की महान नारी सावित्रीबाई फुले के जीवन के अनुछुए पहलुओं से उनके कार्य परिचित कराते हैं। दीपमाला श्रीवास्तव ने कहा कि सावित्रीबाई फुले अपना संपूर्ण जीवन एक मिशन के रूप में जिया। उनका उद्देश्य था कि विधवाओं को पुर्नविवाह कराना छुआछूत जैसी सामाजिक बुराईयों को मिटाना, महिलाओं को मुक्ति के मार्ग प्रशस्त करना, उन्हें शिक्षा का अधिकार दिलाना था।




**सावित्रीबाई फुले ने जो कार्य किया है, वह कोई कर नहीं सकता**

चन्दा साहू ने कहा कि सावित्रीबाई फुले का विवाह नौ साल की उम्र में ही समाजसेवी ज्योतिबा फुले के साथ हुआ था। ज्योतिबा फुले को पढना-लिखना सिखाया। 18वीं सदी में जब महिलाओं को स्कूल जाना पाप समझा जाता था, तब उन्होंने महिलाओं को शिक्षित करने का कदम उठाया। अन्जू विश्वकर्मा ने कहा कि सावित्रीबाई फुले जब पढने जाती थी, तो लोग उन्हें पत्थर मारते थे, गन्दगी फेंकते थे। लेकिन वह अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटी और उन्होंने अपने कार्य को अच्छे तरीके से करते हुये मिशाल पेश की। नीता जैन ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने जो कार्य किया है, वह कोई कर नहीं सकता है। जैसे इंसान के पास ताकत और दौलत का है तो भी वह समाज में इज्जत हांसिल कर सकता है। ठीक वैसे ही उसी तरह उनके द्वारा किये गये प्रयास हम सभी को मार्ग दर्शाते हैं कि जीवन में विचार और प्रयास ही अमर है। व्यक्ति अमर नहीं है। इस दौरान नारी गौरव सम्मान से पूर्व ब्लॉक प्रमुख बिरधा सूरजरानी निरंजन, मालती पाल झांसी, गीता सिंह शिक्षिका भोपाल, उर्मिला सेन, रिया जैन बड़कुल, पुष्पा अग्रवाल, रामसखी शुक्ला, पिस्तादेवी वर्मा, शिवरानी कुशवाहा, वन्दना कुशवाहा, गुड्डी सेन, गुडडी नापित, मीरा साहू, सुशीला राजपूत, रिचा अग्रवाल, सुमन जैन, सोनम रावत, विमलेश यादव, कमलेश आर्या झांसी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सावित्री राजपूत, नीलम कुशवाहा, वन्दना कुशवाहा, पुष्पा अग्रवाल, राजेश्वरी जायसवाल, गीता वर्मा, रेखा वर्मा, सुशीला राजपूत, शान्तिबाई सेन, नीतू सेन, क्रान्ति विश्वकर्मा, कौशल्या यादव, रामदेवी कुशवाहा, रेनू याज्ञिक, कमलेश नामेदव, गुड्डी नापित, शिखा याज्ञिक, रश्मि याज्ञिक, आशा सेन, रजनी सेन, कृष्णा सेन, रेखा सेन, भारती सेन आदि मौजूद रहीं।

---

**कचहरी परिसर में मनाई जयंती**

## अधिवक्ताओं ने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित किए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कचहरी परिसर में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका और समाज सुधारिका क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता हरदयाल लोधी ने की। उपस्थित अधिवक्ताओं ने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष हरदयाल लोधी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले न केवल एक शिक्षिका नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय की मशाल थीं। उन्होंने उस दौर में महिलाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष किया जब समाज की बेडियां बहुत मजबूत थीं। उनके द्वारा जलायी गई शिक्षा की ज्योति का ही परिणाम है कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। अधिवक्ता जानकी बौद्ध ने सावित्रीबाई फुले के संघर्षों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपमान और बाधाओं को सहते हुए भी समाज के वंचित वर्गों के लिए पाठशालाएं खोलीं। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने 19वीं सदी में थे। अधिवक्ता शशिकांत लोधी ने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही एक मजबूत राष्ट्र की नींव रख सकता है और सावित्रीबाई फुले का जीवन हमें निःस्वार्थ सेवा की प्रेरणा देता है। इस दौरान एड.हरदयाल सिंह लोधी एड., महेंद्र कुमार पाराशर एड., पुष्पेन्द सिंह चौहान एड., शशिकांत सिंह लोधी एड., जानकी प्रसाद बौद्ध एड., विजयनारायण गोस्वामी एड., कमलेश लोधी एड., दीपक सिंह राजपूत एड., हरगोविंद, शेरसिंह यादव एड., अरुणप्रताप सिंह लोधी एड., शैलेन्द्र सिंह लोधी., विकास झा एड., आकाश झा एड., अनुराग लोधी, गजराम लोधी, रानू विदुआ एड., रंजना राजपूत, इंदर राजपूत, भूपेंद्र सिंह यादव एड., मीना राजा, ज्योति नामदेव सहित भारी संख्या में अधिवक्तागण और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने संकल्प लिया कि वे समाज में शिक्षा के प्रसार और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

---

**पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगी**

## दुष्कर्म व ब्लैकमेल के आरोपी को दबोचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर।

थाना बानपुर क्षेत्र में शनिवार की सुबह पुलिस मुठभेड़ में दुष्कर्म और ब्लैकमेल करने वाले आरोपी अमजद खान को गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। उसे उपचार के लिए ललितपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इस दौरान आरोपी की तरफ से चलाई गई गोली से पुलिस कर्मी बाल-बाल बच गए। थानाध्यक्ष बानपुर अरुण तिवारी अपने हमराहों के साथ सुबह चार बजे बानपुर-महरौनी मार्ग पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान अमजद खान दिखाई दिया। जब पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की तो वह भागने लगा और पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में अमजद के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे तत्काल गिरफ्तार कर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। अमजद के पास से एक तमंचा, दो खाली खोखे और एक जिंदा कारतूस बरामद हुए। अमजद खान कस्बा बानपुर की 15 वर्षीय छात्रा को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया था और उसके साथ रेप किया। इसके बाद उसने उसका अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करना शुरू किया। परेशान होकर छात्रा ने 22 दिसंबर को जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और उसे टीकमगढ़ और बाद में झांसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराना पड़ा। पुलिस ने आरोपी अमजद खान के खिलाफ पीड़िता के पिता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की थी। 24 दिसंबर को हिंदूवादी संगठनों ने आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन भी किया था। अमजद खान 22 दिसंबर को टीकमगढ़ जिले के एक होटल में छात्रा के साथ था। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उसे पकड़ा।

### महिलाओं को देखकर अश्लीलता की, केस दर्ज

**ललितपुर**। कोतवाली महरौनी के ग्राम नैनवारा में रहने वाले प्रबल प्रताप सिंह पुत्र हाकिम सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 1 जनवरी को अपराह्न करीब 12.30 बजे वह नये साल के अवसर पर ग्राम कुम्हैड़ी स्थित मां अंजनी माता मंदिर में दर्शन करने आया था। तभी कुछ लोग मंदिर में दुकान की छत पर बैठे थे। वहां ब्रजेन्द्र पुत्र धनीराम टिकरिया, सौरभ पुत्र धनीराम व हरीकिशन अहिरवार उर्फ भज्जू पुत्र मकुन्दी अहिरवार ने नीचे दुकान में प्रसाद व सामान लेने आयी महिलाओं को मंदिर दर्शन करने से पहले स्नान करने की प्रथा है और स्नान करने वाली महिलाओं को देखकर हंसी मजाक व अशखेल हरकतें कर रहे थे। जब उसने अन्य दर्शनार्थियों के साथ उक्त लोगों को रोका तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

**नए वर्ष का कविताओं का पाठ कर किया स्वागत**

## कवियों ने सुनाई एक से बढ़कर एक रचनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




नव वर्ष के अवसर पर कौमी एकता की प्रतिक साहित्यिक संस्था हिंदी उर्दू अदबी के तत्वाधान में समाजसेवी राम प्रकाश शर्मा के निवास पर साहित्य सदन में पूर्व चिकित्सा अधीक्षक डा.खेमचंद्र वर्मा की अध्यक्षता में एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। देर रात तक चले कार्यक्रम का सफल संचालन संस्थाध्यक्ष रामकृष्ण कुशवाहा एड. किशन ने किया। श्रोताओं द्वारा तालियां बजाकर कभी कवियों का हौंसला अफजाई किया। गीतों बुंदेली हास्य व्यंग्य पर श्रोता झूम उठे। रामकृष्ण कुशवाहा ने संचालन करते हुए नववर्ष की। शुरुआत में समस्त देशवासियों को एवं नगर वासियों को शुभकामनाएं देते हुए खूबसूरत शेर पढ़ते हुए कहा कि बद्दुआ दे कोई तुम उसको दुआएं देना, मुसाफिर को उसकी मंजिल का पता बता देना, गर्दिशों हम ही तुम्हारे काम आएंगे, नए दोस्त मिल जाएं तो हमें भूल न देना। महिला शक्ति की एक मात्र कवियत्री सुमनलता शर्मा ने शेर पढ़ते हुए कहा कि गमों पर भारी है खुशियों का साया हैं, अपने सभी हो न कोई पराया। राधेश्याम ताम्रकार ने गजल पेश करते हुए कहा कि किसी दुश्मनी क्या है किसी से दोस्ती क्या है। समझते ही नहीं लोग सजे जिंदगी क्या है। बुन्देली कवि शीलचंद्र शास्त्री ने हास्य व्यंग से पाठ कर खूब हंसाया, भूख बढ गई भूमि की चर्चा चहुओर जितों बांटना चाहिये, वेई रहे वोटर। पुरुषोत्तम नारायण पस्तोर ने रचना पेश करते हुए कहा कि उज्ज्वल हिंदुस्तान बनाएं। राम रहीम का देश बनाएं। हरपाल सिंह चंदेल ने खूब शेर पढ़ते हुए कहा कि साली के से पेश आने नहीं देती। बो रुठती है लेकिन मनाने नहीं देती। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डा. खेमचंद्र वर्मा ने कहा कि बीत गए लौटकर वह जमाने नहीं आते नए लोग आते हैं, पुराने नहीं आते। श्रोताओं में रामप्रकाश शर्मा, राजराम खटीक, रजनी, मीना, अर्चना, काजल,

---

## रेलवे कर्मियों को ड्यूटी से बुला शराब पिलाने का आरोप लगाया

**ललितपुर**। झांसी दीनदयाल नगर निवासी मनोज खरे पुत्र स्व.बाबूराम खरे ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह एसएसई पी.वे. इंचार्ज (उत्तर) ललितपुर में तैनात हैं। बताया कि बाहरी व्यक्ति द्वारा रेलवे आवास में घुसकर अभद्रता करते हुये गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी है।

पुलिस को बताया कि इकराम खां पुत्र नबाव खां, रविन्द्र सिंह यादव पुत्र जाहर सिंह रेलवे में चाबीमैन के पद पर यूनिट नं. 9 ललितपुर में किमी 1037/0 से 1041/0 एवं किमी 1041/0 से 1045/0 तक तीसरी लाइन में कार्यरत हैं। 31 दिसम्बर को निरीक्षण के दौरान पाया गया कि दोनों कर्मचारी इकराम खां व रविन्द्र सिंह यादव अपने सेक्शन में अनुपस्थित थे। इकराम खां को फोन लगाने पर उसने बताया कि वह प्रदीप कुमार उर्फ पप्पू साहू के साथ बैठकर शराब पी रहा है। आरोप लगाया कि प्रदीप कुमार उर्फ पप्पू साहू कर्मचारियों को ड्यूटी से बुलाता है और रेलवे कर्मचारियों को ब्याज पर पैसा देता है, जिससे रेलवे कर्मचारियों को एवं रेलवे आवासों में अपनी धाक जमाये रखना चाहता है, जो कि रेलवे सुरक्षा व संरक्षा की दृष्टि से अत्यन्त घातक है, जिससे किसी भी प्रकार घटना की आशंका बनी रहती है। बताया कि 31 दिसम्बर को दिन में 3.31 बजे इकराम खां के साथ शराब पीने के दौरान इकराम के फोन से प्रदीप ने एसएसई पी.वे. मनोरंजन को फोन करके गालियां देते हुये हाथ-पैर तोडने की धमकी दी, जिसकी रिकॉर्डिंग है।

### पटरी पार करते समय ट्रेन से पैर कट गया

**ललितपुर**। रेल पटरी पार करते समय एक राजमिस्त्री ट्रेन की चपेट में आ गया। इस हादसे में उसका एक पैर कटकर शरीर से अलग हो गया, जबकि दूसरा पैर टूट गया। गंभीर हालत में उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना शनिवार दोपहर करीब एक बजे झांसी-ललितपुर रेल मार्ग पर सिद्धान के निकट हुई। राहगीरों ने कोतवाली सदर अंतर्गत ग्राम सिलगान निवासी 33 वर्षीय नरेंद्र चंदेल पुत्र अशोक को घायल अवस्था में रेल पटरी किनारे पड़ा देखा। सूचना मिलने पर एम्बुलेंस से उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। नरेंद्र ने बताया कि वह सुबह ललितपुर आया था और 20 हजार रुपए लिए थे। दोपहर में सिद्धान के पास कुछ लोगों से मुलाकात हुई। उनके पास बैठने के बाद वह रेल पटरी पर जा रहा था।

---

**राजाराम कुशवाहा की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया**

## मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर ।



बिरधा ब्लाक के ग्राम बरारी में पूर्व से निर्धारित हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्व शराजाराम कुशवाहा की चतुर्थ पुण्यतिथि पर जिला अस्पताल मे मरीजों के लिए फल वितरण किए गए, मदर टेरेसा में मानसिक रूप से विच्छित बच्चो को फल खिलाने के बाद कम्बल वितरित किए । ग्राम बिरारी में राजाराम स्मृति पार्क में स्व राजाराम कुशवाहा को पुष्प अर्पित कर श्रंद्धाजलि दी सभा में मेघावी छात्र छात्राओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया उसके बाद अतिथियों का तिलक, माला पहनाकर किया अतिथियों ने स्व राजाराम कुशवाहा द्वारा किए गए संघर्ष, नेक कार्यों को बताया,कार्यक्रम को जारी रखते हुए गरीबों और असहायों को विशाल कम्बल वितरित किए गए उपरांत विश्राम गृह एवं खेल मैदान द्वार का उद्घाटन फीता काट कर किया गया अंत में अन्नपूर्णा भोजनालय के माध्यम से मरीजों को भोजन वितरण किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ रहे कार्यक्रम में उपस्थित शिवचरण कुशवाहा बाँदा (पूर्व लोक सभा प्रत्याशी) रामरतन कुशवाहा सदर विधायक मनोज कुशवाहा, कुल्लू दुबे, रामु कुशवाहा (सदस्य जिलापंचायत), मोहन कुशवाहा पूर्ब जिलापंचायत , सोनू चौबे प्रधान गदोरादासी कुशवाहा प्रधान खडेरा, विवेक कुशवाहा प्रधान सलैया , सतेंद्र सिंह बुंदेला प्रधान सिगेपुर कृपाशंकर पूर्बप्रधान कचनोदा शेरसिंह प्रधान तोड़ी, महेश प्रधान रजवारा,सुजान पटेल ठेकेदार पड़ोरिया, चिंटू राजा पूर्व प्रधान, विक्की प्रधान दुलावन, वंदना मेहता देवेंद्र बोलारी, धर्मसिंह, बाबूलाल, पूरन,दीपक, छोटू, रेखा, आरती, सीमा, अनीता, हरीराम विजय, ब्रजनंदन, शिवलाल, संतोष, प्रदीप, जितेंद्र,अयोध्या, पुष्पेंद्र, राजेंद्र,, राज यादव, मंगल, धनीराम,ब्रजेश सुरेंद्र, ब्रजभान, राजपाल,ब्रजेश, दीपक, जयप्रकाश, पवन, कृपाल, रूपनारायण,एवं समस्त प्रधान, कोटेदार,ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी, एवं सभी सहयोगीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिवनारायन तिवारी रजवारा के द्वारा किया गया आभार व्यक्त प्रधान प्रतिनिधि देवेंद्र कुमार द्वारा किया गया।

### उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद एक वर्ष पहले आरंभ हुआ था निर्माण कार्य

# जिला अस्पताल में पूर्णता की ओर मरीजों के परिजनों के लिए रैन बसेरा

### पुलिस हाउसिंग ने निर्धारित अवधि में पूर्ण किया कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिला अस्पताल से अक्सर मरीजों व परिजनों के साथ बदसलूकी, प्रसूताओं को अनावश्यक रेफर किए जाने सहित अन्य लापरवाहियों के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। परन्तु इन्हीं के बीच एक अच्छी खबर यह भी है कि जिला अस्पताल परिसर में मरीजों के साथ आए परिजनों के रात्रि विश्राम हेतु बनवाया जा रहा रैन-बसेरे का निर्माण पूर्ण होने जा रहा है।

प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्री राजेंद्र शुक्ल जब नवीन जिला अस्पताल के अवलोकन हेतु आए थे तब उन्होंने मरीजों के परिजनों के ठहरने की उक्त कमी को महसूस किया था। उन्होंने उसी समय जिम्मेदारों को निर्देशित किया था कि तुरन्त प्रॉपर प्रपोजल बनाकर जिला अस्तपाल परिसर में ही एक रैन-बसेरे का निर्माण आरंभ करवाया जाए। उनके निर्देशों के कुछ ही दिनों में उक्त प्रपोजल स्वीकृत हुआ और मरीजों के परिजनों के ठहरने, रुकने, रात्रि विश्राम के लिए बनाया जा रहा रैन-बसेरा निर्माण कार्य



अब लगभग पूर्णता की ओर है।

### 80 बिस्तरीय है यह रैन बसैरा

गुणवत्तापूर्ण कार्य को देखते हुए नवीन जिला अस्पताल का निर्माण करने वाले मध्यप्रदेश पुलिस हाऊसिंग को ही उक्त कार्य का जिम्मा सौंपा गया था। करीब डेढ़ करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे इस दो मंजिला रैन-बसेरे में 80 मरीजों के परिजनों की रुकने की व्यवस्था रहेगी। इनमें 42 पलंग पुरुषों हेतु एवं 38 पलंग महिलाओं के लिए निर्धारित किए गए हैं। इस इमारत में चार बडे-बड़े हाल बनाए गए हैं जिनमें तमाम सुविधाएं भी रहेंगी।

### 2 प्रायवेट कक्ष भी रहेंगे

पूर्णता की ओर पहुंचे इस रैन-बसेरे में 2 प्रायवेट कक्ष भी बनवाए गए हैं। हालांकि, इन प्रायवेट कक्षों का किराया या शुल्क कितना रहेगा इस बारे में फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है। परन्तु बताया जा रहा है कि नामात्र शुल्क लेकर ये प्रायवेट कक्ष मरीजों के परिजनों को उपलब्ध करवाए जाएंगे।

**खास-खास**

- लागत : डेढ़ करोड़ (लगभग)
- कहां बन रहा : पुराने डिलेवरी वार्ड के स्थान पर
- निर्माण एजेंसी : पुलिस हाउसिंग बोर्ड
- कितने बिस्तरीय : 80
- कार्यपूर्णता : फरवरी 2026

### किचन सहित अन्य फेसेलिटी भी उपलब्ध

इस रैन-बसेरे में मरीजों के परिजनों को उत्तम गुणवत्ता का भोजन उपलब्ध करवाने किचिन का निर्माण भी पूर्ण हो चुका है। इसके साथ ही अधिक व्यक्तियों के लिहाज से शौचालयों की पूरी व्यवस्था का ध्यान यहां रखा गया है। पुलिस हाउसिंग के अधिकारियों की माने तो फरवरी में इस रैन-बसेरे को स्वास्थ्य विभाग के हैंडओवर कर दिया जाएगा।

### इनका कहना है...

निर्धारित अवधि में पूरी गुणवत्ता के साथ रैन-बसेरे का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। अगले एक या डेढ़ महीने में हम इसे विभाग को हैंडओवर कर देंगे।

**सुरेश रोहनकर**, एसडीओ, पुलिस हाउसिंग, भोपाल

## ओंकारेश्वर से प्रयागराज जा रहे महात्मा ने चिंता मणेश्वर महादेव में किया विश्राम

### देवकुआ समिति के पदाधिकारियों ने स्वागत कर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर के दक्षिण दिशा में फोरलेन बाईपास के निकट स्थित श्री चिंतामणेश्वर महादेव मंदिर देव कुआं मंदिर विकास समिति द्वारा हाईवे से गुजरने वाले यात्रियों तथा संत महात्माओं के विश्राम के लिए सुलभ कांपलेक्स टीनसेड बाउंड्री वॉल सहित अन्य निर्माण कार्य जन सहयोग से कराया जा रहे हैं, ताकि लंबी दूरी के यात्री तथा संत महात्मा मंदिर परिसर में विश्राम कर सकें। सभी सुविधाओं को देखते हुए हाईवे से गुजरने वाले लंबी दूरी के यात्री तथा संत महात्मा यहां आकर विश्राम करने लगे हैं ट्रैक्टर ट्राली से ओंकारेश्वर से प्रयागराज जा रहे जूना अखाड़े के संत महाकाल पुरी महाराज शुक्रवार को चिंतामणेश्वर महादेव मंदिर परिसर में अल्प समय के लिए रुक कर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। मंदिर विकास समिति अध्यक्ष विष्णु प्रसाद जोशी नंदकिशोर सोनी राम नारायण टेटवाल नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा दिनेश राठौर सहित अन्य सदस्यों द्वारा संत महाकाल पुरी महाराज का स्वागत सत्कार कर उनके अल्पाहार की व्यवस्था की तथा महात्मा से सभी ने आशीर्वाद लिया महात्मा ने बताया कि उन्होंने एक हाथ ऊपर करके रखने का संकल्प लिया है जो जिंदगी भर जारी रहेगा। ऐसे विलक्षण एवं सिद्ध संत नगर में रुक यह नगर का बहुत बड़ा सौभाग्य है।

## अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के तहत कार्यक्रम हुआ



**जीरापुर।** शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। जहां पर कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, कृतित्व एवं राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर भाषण और कविता पाठ किया। इस अवसर पर अतिथि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं भाजपा मंडल , पदाधिकारी उपस्थित रहे। पत्र के अनुसार कार्यक्रम में मंडल महामंत्री रमेशचंद शर्मा सहित जनप्रतिनिधि विधार्थी गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को सुशासन, अनुशासन, नैतिक मूल्यों का महत्व , अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी गई। इस दौरान स्वच्छता , पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

## अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**कुरावर।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर मंगलवार को स्थानीय शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय परिसर में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं की निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अटल बिहारी वाजपेई के जीवन, संघर्ष, नेतृत्व क्षमता एवं उनके राजनीतिक-सामाजिक योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

प्रतियोगिता में शिल्पा मीणा ने प्रथम, ज्योति राठौड़ ने द्वितीय एवं पूनम मीणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों ने अपने निबंध में अटल बिहारी वाजपेई को संघर्षशील एवं कुशल नेतृत्वकर्ता बताते हुए उनके कार्यों को प्रेरणास्त्रोत बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर मीणा ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेई एक संघर्षशील व्यक्तित्व के धनी थे, जिन्होंने देश को विकास की नई दिशा दी। मुख्य अतिथि एवं पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष मनोहर मंडलोई ने कहा कि प्रधानमंत्री सड़क योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना जैसी अनेक मूलभूत योजनाएं अटलजी के कार्यकाल की देन हैं, जिनसे आज ग्रामीण क्षेत्रों को सीधा लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम को भाजपा नेता घनश्याम गर्ग, लक्ष्मण सिंह राणा, विधानसभा प्रभारी प्रवीण गुर्जर एवं मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी रवि शर्मा ने किया।

## बासौदा में वर्ष का प्रथम शिविर आयोजित हुआ

**विदिशा।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत इस वर्ष का पहला शिविर बासौदा जनपद पंचायत क्षेत्र में आयोजित किया गया। यह शिविर ग्राम पंचायत बरखेड़ी त्योदा एवं चुल्हेटा ग्राम में एक साथ संपन्न हुए। शिविरों का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना तथा पात्र हितग्राहियों को आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराना रहा। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा मौके पर ही आवेदनों का निराकरण किया गया। आधार, समग्र आईडी, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन, स्वास्थ्य परीक्षण, कृषि, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शिविर स्थल पर उपस्थित ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान सुनिश्चित किया।

## सौंधिया राजपूत समाज की खेल प्रतियोगिता आयोजित



**जीरापुर।** अखिल भारतीय सौंधिया राजपूत महासभा की ब्लॉक स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता आवास स्टेडियम परिसर में संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम का पूजन माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम में अतिथि जिला महासचिव कनीराम पवांर, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष कमल सिंह पवांर, कालुसिंह तोमर, विष्णुसिंह पवांर ,ईश्वरसिंह परमार, रमेशचंद्र पवांर, नारायणसिंह तोमर, गोविंदसिंह चैहान, गंगाराम परमार, कमलसिंह चैहान, कल्याण सिंह पवांर, दिनेश तोमर, मीडिया प्रभारी कुमेरसिंह पवांर उपस्थित रहे। नारायण सिंह तोमर ने बताया कि खेलो का जीवन मे अपना अलग महत्व है इससे खेल भावना से व्यक्ति को प्रतिस्पर्धा में आपसी भाव जागृत होते हैं। जहां पर विभिन्न खेल आयोजित हुए जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात दौड़ प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान कविता पीपल्दा, द्वितीय स्थान सुनीता पोलाखेड़ा, तृतीय स्थान रजनी रामपुरिया , रचना आदमपुरा , बालक वर्ग में प्रथम स्थान बलराम पोलाखेड़ा, द्वितीय स्थान लखन मैनाखेड़ी, तृतीय स्थान होकमसिंह देवरी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर ब्लाक महासचिव बिरम सिंह पवांर,विधि सलाहकार दरियावसिंह सिसोदिया, जसवंत सिंह पवांर, कुमेरसिंह परिहार ,रघुवीरसिंह सोलंकी, रामेश्वर चैहान, राकेशसिंह सिसोदिया, खेल प्रमुख ईश्वरसिंह सिसोदिया, रामबाबू सिसोदिया, रामबाबू पवांर, ब्लॉक प्रभारी बीरमसिंह चौहान, अर्जुनसिंह पेंटर, खेल शिक्षक ईश्वर सिंह पवांर, अरविंद बंसल सहित बड़ी संख्या में बालक-बालिकाएं एवं समाज बन्धु उपस्थित हुए।

## कुरावर में श्रीहरिकथा का शुभारंभ, कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब



**कुरावर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान शाखा श्यामपुर द्वारा आयोजित पांच दिवसीय श्रीहरिकथा कार्यक्रम का मंगल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। शिव धाम कॉलोनी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, धर्मप्रेमी बन्धुओं और विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कलश यात्रा श्रीराम मंदिर से प्रारंभ हुई, जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बालाप्रसाद चन्द्रवंशी, पार्षद राजकुमार मीणा, अनिल दरबार, रवि जी, सुनील राज और बद्री मुनीम सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। यात्रा के दौरान जगह-जगह स्वागत किया गया और अंततः शिव मंदिर में संपन्न हुई।कथा व्यास साध्वी चित्रा भारती और भक्तिप्रभा भारती ने भगवान बुद्ध और सुतीक्ष्ण मुनि के कथा प्रसंग को भजनों के साथ सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा ने कथा का शुभारंभ किया। दूसरे दिन पूर्व विधायक गिरीश भंडारी, डॉ. रवीन्द्र मीणा, राजू चैकसे पार्षद और अन्य गणमान्य नागरिकों ने दीप प्रज्वलन किया। स्वामी महादेवानंद ने कथा स्टेज संचालन करते हुए सभी का हृदय से धन्यवाद किया।

## कालापीपल में युवा कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन, मंत्री विजयवर्गीय का पुतला फूंका



**कालापीपल।** इंदौर में गंदे पानी से 16 बच्चों की मौत के विरोध में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया गया एवं मीडिया के सवाल पूछने पर मंत्री द्वारा पत्रकार से की गई अभद्रता की कड़ी निंदा करते हुए युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंचमुखी चौराहे पर मंत्री का पुतला जलाकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान समस्त कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने इंदौर की घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि दूषित पानी की आपूर्ति से लोगों की जाना गंभीर प्रशासनिक लापरवाही है। उन्होंने कहा कि जब तक दूषित पानी की आपूर्ति लिए जिम्मेदार अधिकारियों और एजेंसियों पर कार्यवाही नहीं होती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि पीड़ितों को न्याय नहीं मिला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## एमएसएमई प्रोत्साहन योजना श्रद्धा कुमार ने स्थापित की बायोमास ब्रिकेट निर्माण इकाई



**ब्यावरा।** एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के तहत ग्राम बैरसिया निवासी श्रद्धा कुमार ने जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग से स्थापित बायोमास ब्रिकेट निर्माण इकाई की स्थापना की। श्रद्धा कुमार बताती हैं कि उन्होंने इस परियोजना में लगभग एक करोड़ साठ लाख रुपए का निवेश किया है। साथ ही वह स्थानीय 10 बेरोजगार लोगों को रोजगार उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने बताया कि यह योजना न केवल मेरे उद्यम के विकास में सहायक सिद्ध हुई है। बल्कि क्षेत्र में रोजगार सृजन और औद्योगिक गतिविधियों को भी बढावा दे रही है। मैं इस योजना के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताना चाहती हूं जिनकी योजनाओं से हम आत्मनिर्भर बन आगे बढ़ रहे हैं।




## 21 दिवसीय ध्यान साधना शिविर प्रारंभ

**ब्यावरा।** यह संसार एक परिवर्तनशील है जो नित नया परिवर्तन होता रहता है , (2025) हमें बहुत कुछ देकर गया लेकिन यह हमारे ऊपर निर्भर है कि हमने क्या खाया और क्या पाया , आज एक नया सवेरा लेकर (2026) के शुभ अवसर पर ब्रह्माकुमारीज शहीद कॉलोनी ब्यावरा सेवाकेंद्र पर जनवरी माह में 21 दिवसीय ध्यान साधना आत्म-परिवर्तन, सकारात्मक सोच कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें नया संकल्प, नई चेतना और राजयोग के माध्यम से जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों के साथ जीने का आह्वान एवं मानसिक शांति के लिए ध्यान मेडिटेशन पर जोड़ दिया। ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन बताया कि यह वर्ष नए संकल्पों और नई चेतना के साथ आगे बढ़ने का अवसर है ,जिसमें सोच और कर्म श्रेष्ठ होंगे। दिव्यता की ओर एक कदम आगे बढ़ाने का संदेश दिया। सेवाकेंद्र की सभी भाई बहनों ने मिलकर आत्म जागृति की दीप जलाई तथा 21 दिवसीय अखंड ध्यान साधना एवं मौन व्रत रखने का संकल्प लिया और लक्ष्मी दीदी ने सभी को चंदन का तिलक लगाकर पुष्प भेंट किया।

## कैरियर कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित हुए वार्षिक खेलकूद



**राजगढ़।** नगर के कैरियर कॉन्वेंट स्कूल में तीन दिवसीय सालाना खेलकूद प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। इस वर्ष की प्रतियोगिताएं 'जोश' टाईटल पर आयोजित की गई थी जिसमें विद्यालय की कथा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के अनेकों विद्यार्थियों ने अलग-अलग खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल संचालक राकेश पांडे ने बताया कि आयोजित प्रतियोगिताओं में रस्सा खेंच, गोला फेंक, जेवलिन थ्रो, इन एंड आउट, सिट एंड पास, लेमन रेस, बुक बैलेंस रेस, बैक रनिंग, पिट्ठू रेस, चेयर रेस, स्टेडिंग खो, पेयर पशु सहित अन्य प्रतियोगिताएं शामिल थीं। प्रत्येक कक्षा के खेल प्रभारी मनोज पुष्पद, मुकेश प्रजापति, प्रशांत वर्मा, सविता सक्सेना, रेखा सांकला, नीलू वर्मा, हिमानी सक्सेना, रानी खाने ने अपनी मेहनत से इन प्रतिस्पर्धाओं को सफल बनाया। प्रतियोतिओं के उपरान्त विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। स्कूल संचालक डॉ. पांडे ने सभी बच्चों से कहा कि खेल शारीरिक, मानसिक विकास का सशक्त माध्यम हैं।

### सेवा केंद्र पर 21 दिवसीय योग तपस्या भट्टी कार्यक्रम का शुभारंभ

## तपस्या में समाया है हर समस्या का समाधान : ब्रह्माकुमारीज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

स्थानीय सेवा केंद्र सारंगपुर पर 21 दिवसीय विशेष योग तपस्या भट्टी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें ईश्वरीय परिवार के बहन-भाइयों ने संस्था के साकार संस्थापक अलौकिक पिता ब्रह्मा बाबा के आदर्शों और परमात्म शिक्षाओं को जीवन मे धारण करने हेतु स्वपुरुषार्थ और स्वस्थिति बनाने हेतु और विश्व मे वर्तमान में हो रही हलचल, दुख, अशांति में सर्व को शांति के प्रकम्पन्न फैलाने हेतु तपस्या करने के लिए संकल्पित किया। स्थानीय सेवा पर ब्रह्माकुमारी बहनों और अन्य सेवाकेंद्र के भाई- बहनों और माताओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर ईश्वरीय याद के साथ ष्मेरा उपहार मेरे बाबा कोष कार्यक्रम की शुरुआत की। दीदी ने योग तपस्या भट्टी में सम्मिलित होने वाले भाई-बहनों को तिलक देकर संकल्प कराया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अपने दैवी स्वरूप की स्मृति एवं प्रकृति, प्राणी, पंच तत्व एवं समस्त जनसमुदाय मे सुख शांति के प्रकम्पन फैलाना एवं सतयुगी सुखमयी दैवी स्वराज्य का आह्वान करना है। आने वाला स्वर्णिम युग ऐसा हो जिसमें सब सुखी रहे, सब निरोग रहे, किसी को कोई दुख ना हो का सपना साकार रूप ले ले। इस हेतु दीदी ने सभी से आग्रह किया कि योग तपस्या भट्टी में सम्मिलित होकर अपने जीवन को सफल बनाएं।दीदी ने कहा कि बाबा जैसा हमको बनके दिखाना है और नवयुग,नववर्ष की सबको बधाई भी दी।इस अवसर पर संस्था के भाई-बहन उपस्थित रहे।

## स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट: लाइगर क्लब और साईं अकादमी की धमाकेदार जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



शहर में आयोजित 33वीं स्वर्गीय राजेंद्र सिंह रघुवंशी स्मृति टेनिस बॉल 8 विकेट क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। शुक्रवार, 2 जनवरी 2026 को पहले राउंड के दो मैच खेले गए, जिसमें खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया।

**पहला मैचः** लाइगर क्लब की आसान जीत। दिन का पहला मुकाबला लाइगर क्लब और जय माता दी क्लब के बीच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लाइगर क्लब ने निर्धारित 8 ओवरों में अंकित के शानदार 29 रनों की मदद से 97 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी जय माता दी क्रिकेट क्लब की टीम दबाव में बिखर गई और पूरी टीम महज 66 रनों पर ऑल आउट हो गई। इस तरह लाइगर क्लब ने यह मैच 30 रनों के अंतर से जीत लिया।

**दूसरा मैचः** साईं क्रिकेट अकादमी और फैज फर्नीचर बरखेड़ी के बीच खेला गया। फैज फर्नीचर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 5 विकेट खोकर 77 रन बनाए, जिसमें फरदीन खान ने 16 गेंदों पर 38 रनों का योगदान दिया। 78 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी साईं क्रिकेट अकादमी ने बेहद आक्रामक रुख अपनाया और मात्र 7.2 ओवर में बिना कोई विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर लिया। साईं अकादमी के बादल बल्के ने 25 गेंदों में 60 रनों की धुआंधार पारी खेली, जिसके लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।आयोजक राम कुमार रघुवंशी ने बताया कि टूर्नामेंट को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने में अंपायर गौरव डागोरिया व संजीव धारू, स्कोरर लक्की छारी व चेतन व्यास और कमेंटेटर नीलेश रघुवंशी की भूमिका रही।